**खबर संक्षेप**

### कमिश्नर ने सुनी जनता की पुकार, त्वरित निराकरण के दिए निर्देश



**शहडोल।** कमिश्नर कार्यालय में आज आयोजित जनसुनवाई में संभाग के कोने-कोने से आए फरियादियों की लंबी कतार लगी। कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता ने धैर्यपूर्वक हर आवेदन को सुना और संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में समाधान के सख्त निर्देश दिए। सेवानिवृत्त भृत्य राजेश यादव बुढ़ार ने क्रमोन्नति, एरियर्स, ग्रेजुइटी व अवकाश नकदीकरण की बकाया राशि दिलाने, सहायक ग्रेड-3 गोपाल दास नामदेव ने स्वत्व राशि, धनपुरी के रामानुज कुशवाहा व कंचनपुर की रामसहाना बैगा ने आर्थिक सहायता, मेढक्की के अब्दुल राशिद ने अधूरा नल-जल कार्य पूरा कराने, सोहागपुर वार्ड-3 की नूरजहाँ ने अतिक्रमण हटवाकर रास्ता बहाल कराने जबकि कठौतिया की शिखा सिंह चौहान ने अतिथि शिक्षक के रूप में पुनः नियुक्ति की गुहार लगाई। कमिश्नर ने सभी आवेदनों को संबंधित विभागों को तत्काल प्रेषित करते हुए शीघ्र निराकरण के आदेश दिए। उन्होंने कहा कोई भी फरियादी निराश होकर न लौटे, यह हमारी प्राथमिकता है। जनसुनवाई में संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश, उपायुक्त राजस्व श्रीमती निमिषा पांडेय सहित सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। फरियादियों ने कमिश्नर के संवेदनशील रवैये की भरपूर सराहना की।

### ठंड से राहगीरों को राहत जलने शुरू



**शहडोल।** बढ़ती ठंड को देखते हुए कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जिले के सभी नगरीय निकायों को तत्काल अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्य चौराहों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, अस्पताल परिसर और फुटपाथों पर अलाव जलाए जाएं तथा रात में ठिठुरते निराश्रित लोगों का सर्वे कर उन्हें रैनबसेरा में सुरक्षित ठहराया जाए। निर्देश के तुरंत बाद शहडोल नगरपालिका ने कार्यवाही शुरू कर दी। मुख्य नगरपालिका अधिकारी अक्षत बुंदेला ने बताया कि गांधी चौक, इंदिरा चौक, पुराना गांधी चौक, जय स्तंभ चौक, रेलवे स्टेशन सहित प्रमुख स्थानों पर अलाव जलाए जा रहे हैं। रात में गश्त टीम निराश्रितों को चिह्नित कर रैनबसेरा पहुँचा रही है। अलाव की गर्माहट से राहगीर, रिक्शा चालक, ठेले वाले और फुटपाथ पर सोने वाले लोग राहत की सांस ले रहे हैं। नगरपालिका ने सभी अलाव स्थलों पर लकड़ी का पर्याप्त भंडार रखा है।

## बुढ़ार-जैतपुर में नदियों का सीना छलनी

# बेखौफ 'खनन माफिया' का आतंक!

**बुढ़ार और जैतपुर थाना क्षेत्रों में खनन माफिया स्थानीय पुलिस और खनिज विभाग को धता बताकर सोन, कुनुक, बटली सहित अन्य सहायक नदियों का सीना दिन-रात छलनी कर रहे हैं। चर्चा है कि यह अवैध धंधा रसूखदार सफेदपोशों के संरक्षण में चल रहा है, कलेक्टर की जिला टास्क फोर्स की बैठक में भी सबसे प्रभावित इन क्षेत्रों का जिक्र तक न होना प्रशासन की नीयत पर गंभीर सवाल खड़े करता है।**

शहडोल।



जिले की जीवनदायिनी नदियों को खनन माफिया किसकी सरपरस्ती में छलनी कर रहे हैं, यह सवाल आज भी हवा में है, लेकिन इसका सीधा जवाब शायद ही कोई दे पाए। शहडोल जिले में स्थिति यह है कि चाहे शहरी क्षेत्र हो या ग्रामीण, हर जगह खनन माफिया खनिज विभाग और स्थानीय पुलिस से दो कदम आगे नजर आते हैं। सबसे चौंकाने वाली और गंभीर स्थिति बुढ़ार एवं जैतपुर थाना क्षेत्रों में है, जहां अवैध खनन का धंधा पूरी बदस्तूर और बेलगाम तरीके से जारी है। बुढ़ार और जैतपुर थाना क्षेत्र का परिदृश्य प्रशासन की नीयत पर बड़े सवाल खड़े करता है। बुढ़ार जनपद का शायद ही कोई ऐसा कोना बचा हो, जहां अवैध खनन का काला कारोबार न चल रहा हो। बावजूद इसके इस गंभीर अपराध पर अंकुश लगाने की दिशा में कभी-कभार के दिखावटी अभियानों को छोडक़र शायद ही कभी गंभीरता से कदम उठाए गए हों।

### प्रशासन से दो हाथ आगे माफिया

बुढ़ार एवं जैतपुर थानों से सटी हुई सोन, कुनुक सहित अन्य सहायक नदियां जैसे बटली, जरवाही, सेमरा, हड़हा और मरजात आज माफियाओं के निशाने पर हैं। रोजाना ही बड़े पैमाने पर अवैध खनन हो रहा है। पहले जो काम चोरी-छिपे रात के अंधेरे में होता था, वह अब सुबह से रात तक बेखौफ चल रहा है। अवैध खननकारियों के भारी वाहन बिना किसी डर के नदियों में घुसते हैं और बहुमूल्य उपखनिज को निकालकर खुलेआम अपने ठिकानों तक पहुंचाते हैं।

### सफेदपोशों पर उठ रही उंगली

खनन माफिया ने अपनी जड़ें इतनी गहरी कर ली हैं कि उन पर सरकारी तंत्र का जरा भी खौफ नजर नहीं आता। तभी तो जब कभी नाममात्र की कार्रवाई होती भी है, उसमें प्रति वाहन 25 हजार रुपये और प्रति घन मीटर सामग्री पर लगने वाले जुर्माने की उन्हें खास परवाह नहीं होती। यह जुर्माना उनके दैनिक मुनाफे के आगे कुछ भी नहीं है। सवाल यह है कि इस बेखौफ खनन माफिया को किसका संरक्षण हासिल है? यह स्पष्ट है कि अवैध खनन बिना किसी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष बड़े स्तर के संरक्षण के इतने बड़े पैमाने पर नहीं चल सकता।

### भगवान भरोसे बुढ़ार-जैतपुर

सोन, कुनुक और सहायक नदियों के ये क्षेत्र, जिनमें बटली, जरवाही, सेमरा, हड़हा, मरजात शामिल हैं, अवैध खनन को लेकर हमेशा विवादों में रहे हैं। चर्चा है कि माफिया के सरपरस्तों में सफेदपोश नेताओं और रसूखदार लोगों का एक बड़ा गठजोड़ काम कर रहा है। यह गठजोड़ ही उन्हें प्रशासनिक छूट और पुलिस का मौन समर्थन सुनिश्चित कराता है। यह धंधा अब इतना ओपन हो चुका है कि स्थानीय लोगों में यह चर्चा आम है कि बुढ़ार-जैतपुर क्षेत्र में अवैध परिवहन करने वाले वाहनों से 5500 रुपये महीना तक का नजराना (बंधी) बांधा गया है। यदि यह बात सच है, तो यह सीधे तौर पर स्थानीय प्रशासन और पुलिस की भूमिका पर सबसे गंभीर प्रश्नचिह्न लगाता है। क्या स्थानीय पुलिस ने इस क्षेत्र का ठेका ले लिया है? और क्या खनिज विभाग के जिम्मेदार अधिकारी इस क्षेत्र को भगवान भरोसे छोडक़र बैठे हैं?

### टास्क फोर्स बैठक पर भी सवाल

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने अवैध रेत खनन और परिवहन पर लगाम कसने के लिए जिला टास्कफोर्स की बैठक बुलाई थी, कलेक्टर ने खनिज, पुलिस, राजस्व और वन विभाग को एकजुट होकर संयुक्त कार्रवाई करने के सख्त निर्देश भी दिए। बैठक में विशेष तौर पर देवलौंद पुल, बुड़वा पुल और सीधी मार्ग के पुलों पर तुरंत चेक-पोस्ट स्थापित करने का आदेश दिया गया। साथ ही, ब्यौहारी क्षेत्र के सोन घडियाल अभयारण्य जैसे अति-संवेदनशील इलाकों बुढ़वा, सुखाड़, सतनी, जनकपुर, गोपालपुर, झिरिया में चौबीसों घंटे निगरानी रखने को कहा गया, लेकिन यहां सबसे गंभीर विसंगति सामने आई।

### तत्काल हो कार्यवाही

बुढ़ार एवं जैतपुर थाना क्षेत्र की नदियां, जैसे सोन, कुनुक, बटली, जरवाही, सेमरा, हड़हा, मरजात, अवैध खनन का गढ़ बन चुकी हैं, उसका कहीं कोई जिक्र इस महत्वपूर्ण बैठक में नहीं किया गया। अवैध खनन का यह खुला खेल तब तक नहीं रुक सकता, जब तक कि जिले के मुखिया स्वयं सख्त कार्रवाई का डंडा नहीं उठाते और जिम्मेदार विभागों की जवाबदेही तय नहीं करते। कलेक्टर की सख्ती सिर्फ कागजी कार्रवाई तक सीमित न रहे, बल्कि बुढ़ार और जैतपुर की खनन से कराहती नदियों को बचाने के लिए तत्काल और प्रत्यक्ष कार्रवाई हो।

## सड़क सुरक्षा का संदेश लेकर यातायात पुलिस पहुंची रघुराज स्कूल



शहडोल।

हेलमेट लगाओ, जिंदगी बचाओ और सीट बेल्ट है सुरक्षा कवच जैसे नारे अब रघुराज स्कूल के बच्चों की जुबान पर हैं। मंगलवार को यातायात पुलिस ने स्कूल परिसर में भव्य सडक़ सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर सैकड़ों छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया। कार्यक्रम में बच्चों को स्पष्ट संदेश दिया गया कि 18 वर्ष से कम उम्र के कतई वाहन न चलाएँ और बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के तो बिल्कुल नहीं। पुलिस ने चेतावनी दी कि नियम तोडऩे पर अभिभावकों के साथ-साथ छात्रों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई होगी। हेलमेट और सीट बेल्ट को जीवन रक्षक बताया गया तथा ड्राइविंग के दौरान मोबाइल फोन का उपयोग जानलेवा साबित हो सकता है, इस पर जोर दिया गया। खास आकर्षण रहा जागरूकता वीडियो का प्रदर्शन, जिसमें दुर्घटना के भयावह दृश्य और सुरक्षित ड्राइविंग के टिप्स दिखाए गए। बच्चों की आँखें नम भी हुईं और संकल्प भी मजबूत हुआ। पुलिस ने स्कूल प्रबंधन को सख्त निर्देश दिए कि जो छात्र बाइक से स्कूल आते हैं, उनकी सूची तैयार की जाए और अगली पैरेंट-टीचर मीटिंग में अभिभावकों को बुलाकर लिखित शपथ पत्र दिलाया जाए।

कार्यक्रम में हिट एंड रन पीड़ितों के लिए प्रतिकर योजना, कैशलेस उपचार योजना और राहगीर योजना की विस्तार से जानकारी दी गई। मंच पर यातायात नियमों से जुड़ा क्विज़ हुआ जिसमें सही जवाब देने वाले बच्चों को तालियों की गडग़ड़ाहट के बीच पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि सूबेदार प्रियंका शर्मा और प्रण आर्य विवेकानंद तिवारी ने कहा बच्चे ही भविष्य के जिम्मेदार ड्राइवर हैं। अगर आज इन्हें सही आदतें डाल दी जाएँ तो कल सडक़ें सुरक्षित हो जाएँगी। बच्चों ने हाथ उठाकर संकल्प लिया कि हम यातायात नियमों का पालन करेंगे और दूसरों को भी करवाएँगे। यातायात पुलिस की इस पहल को अभिभावक और शिक्षक दोनों सराह रहे हैं। स्कूल प्राचार्य ने कहा पुलिस का यह कदम काबिल-ए-तारीफ है, अब हम भी अपने स्तर पर सख्ती बरतेंगे।

## कार चालक को रोककर गाली-गलौज, खिडक़ी तोडक़र दी जान से मारने की धमकी

# धुरवार टोल प्लाज़ा पर गुंडागर्दी का तांडव!

**पीड़ित ने सोहागपुर थाना में दर्ज कराई शिकायत, सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने की मांग**

शहडोल।



संभागीय मुख्यालय से सटा धुरवार टोल प्लाज़ा एक बार फिर सुर्खियों में है। सोमवार शाम लगभग 5:30 बजे यहां एक ऐसी वारदात हुई, जिसने टोल कर्मचारियों की मनमानी और गुंडागर्दी की एक बार फिर पोल खोल दी। उमरिया जिले के ग्राम पडख़ुरी निवासी ब्रजेश द्विवेदी अपने साथियों पुनीत द्विवेदी और संदीप सिंह के साथ कार क्रमांक डीएल10 सीई 4035 से अनूपपुर से लौट रहे थे। जैसे ही उनकी कार टोल गेट पर पहुंची, उन्हें ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ा जिसकी कल्पना तक नहीं की जा सकती।

पीड़ित के अनुसार टोल का रास्ता क्लियर होने पर वह जैसे ही आगे बढ़े, तभी दूसरी लाइन में खड़ा एक टोल कर्मचारी दौड़ता हुआ आया और उनकी कार को जबरन रुकवा लिया। इसके तुरंत बाद कर्मचारी ने बिना किसी कारण के गालियां बकना शुरू कर दिया। उसने आरोप लगाया कि वाहन के फास्टटैग में बैलेंस नहीं है। जबकि पीड़ित ने स्पष्ट कहा कि पर्याप्त बैलेंस है और मशीन द्वारा कटौती की जा चुकी होगी। बस फिर क्या था, कर्मचारी आग-बबूला हो उठा, उसने पुनः गाली-गलौज करते हुए मारपीट की धमकी देना शुरू कर दिया। जब ब्रजेश ने आपत्ति जताई तो मामला और बिगड़ गया। आरोप है कि कर्मचारी ने कार का दरवाज़ा जोर-जबरदस्ती से खोलने की कोशिश की और जब वह सफल नहीं हुआ तो ड्राइवर साइड की खिडक़ी तोड़ दी, इतना ही नहीं वह अपने साथियों को भी बुलाने लगा, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई।

घटना से डरे सहमे पीड़ित ने किसी तरह गाड़ी आगे बढ़ाकर अपनी जान बचाई। अगर थोड़ी भी देरी होती, तो बड़ी अनहोनी से इंकार नहीं किया जा सकता था। यह भी महत्वपूर्ण है कि इसी टोल प्लाजा पर पहले भी कई बार मारपीट और बदसलूकी की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। लोगों में लंबे समय से असंतोष है, लेकिन कार्रवाई का अभाव इन कर्मचारियों के हौसले बुलंद कर रहा है। पीड़ित ने सोहागपुर थाना प्रभारी को लिखित शिकायत देकर मांग की है कि टोल प्लाजा पर लगे सभी सीसीटीवी फुटेज को तत्काल सुरक्षित किया जाए ताकि घटना की सच्चाई सामने आ सके। उनकी यह भी आशंका है कि यदि आरोपियों पर तुरंत कार्रवाई नहीं हुई तो भविष्य में उनके साथ कोई बड़ी घटना घट सकती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि धुरवार टोल प्लाज़ा गुंडागर्दी का अड्डा बनता जा रहा है। आए दिन वाहन चालकों से जबरदस्ती, अभद्रता और विवाद की खबरें आती रहती हैं। अगर पुलिस और प्रशासन ने इस पर सख्त कार्रवाई नहीं की, तो यहां कानून व्यवस्था तार-तार होती रहेगी।

फिलहाल सभी की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि क्या पुलिस इस गंभीर शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करेगी या मामला फिर किसी फाइल में दबकर रह जाएगा। स्थानीय जनता और पीड़ित ने दोषियों के खिलाफ सख्त दंडनीय कार्रवाई की मांग की है।

## विश्व एंटीबायोटिक जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ



शहडोल।

**अभी कार्य करें : वर्तमान की रक्षा करें, भविष्य को सुरक्षित बनाएँ की थीम के साथ आज जिले में विश्व एंटीबायोटिक जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ हुआ। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा के निर्देशन में 18 से 24 नवंबर तक चलने वाले इस सप्ताह का आगाज जिला चिकित्सालय परिसर से विशाल जागरूकता रैली के साथ किया गया।**

रैली को हरी झंडी दिखाते हुए सिविल सर्जन डॉ. शिल्पी सराफ ने कहा कि जीवाणुनाशकों का अंधाधुंध उपयोग मानवता के लिए बड़ा खतरा बन चुका है। राज्य सरकार ने जीवाणुनाशक नीति बनाई है, जिसके सकारात्मक परिणाम दिख रहे हैं। अब डॉक्टर केवल जरूरत पडऩे पर ही ये दवाएँ लिख रहे हैं। उन्होंने आमजन से अपील की कि सर्दी-जुकाम, वायरस जनित बुखार में स्वयं जीवाणुनाशक न लें, क्योंकि इससे शरीर में प्रतिरोधी कीटाणु पैदा हो रहे हैं, जो भविष्य में इलाज को असंभव बना सकते हैं।

सप्ताह भर विभिन्न अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों व उप-स्वास्थ्य केंद्रों में पोस्टर प्रदर्शनी, नुक्कड़ नाटक, सेमिनार और जन-सभाएँ आयोजित होंगी। स्कूल-कॉलेजों में भी बच्चों को जीवाणुनाशकों के उचित उपयोग की शपथ दिलाई जाएगी।

रैली में सहायक प्रबंधक श्रीमती पूजा सोनी, अन्य चिकित्सक, कर्मचारी और स्टाफ नर्स बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी ने हाथों में तख्तियाँ उठाईं जिन पर लिखा था, जीवाणुनाशक कोई कैंडी नहीं, डॉक्टर की सलाह बिना दवा न लें, प्रतिरोधी कीटाणु से बचें, जीवन बचाएं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा यह सप्ताह केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ी को बचाने की मुहिम है। जिला चिकित्सालय ने सभी निजी चिकित्सकों और दवा दुकानदारों से भी सहयोग की अपील की है।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा।
भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

**मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक**
सरकार के स्वामित्वाधीन अनुसूचित बैंक
क्षेत्रीय कार्यालय शहडोल : होटल मोतीमहल के पास बुढ़ार रोड, शहडोल (म.प्र.)

**अचल संपत्ति हेतु अधिग्रहण सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 ( 12 ) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए सूचित किया जाता है कि बैंक द्वारा निम्न ऋणियों, जिन्होंने मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक से ऋण ले रखा है, के खातो के अनर्जक होने के कारण ऋण राशि भविष्य का ब्याज एवं खर्चे चुकता करने के लिए उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के अंतर्गत 60 दिवस का नोटिस दिया गया था। ऋणियों द्वारा रकम का भुगतान करने में असफल रहने पर ऋणियों एवं जमानतदारों तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 के नियम 8 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए निम्नानुसार सम्पत्तियों का कब्जा उनके सामने दशार्यी गयी दिनांक को ले लिया है ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेष तौर पर एवं जनसाधारण को सामान्य एतद् द्वारा सावधान किया जाता है कि नीचे वर्णित सम्पत्तियों के संबंध में कोई व्यवहार नहीं करें।
इन सम्पत्तियों के संबंध में किया गया व्यवहार मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक के उक्त ऋण, उस पर देय ब्याज व अन्य खर्चे के प्रभार के अधीन होगा। ऋणियों / जमानतदारों को यह सूचित किया जाता है कि वे 30 दिन के अंदर बकाया राशि जमा करके आगामी कार्यवाही से बच सकते है।

| क्र. | शाखा | ऋणी का नाम एवं पता | मांग नोटिस / कब्जा नोटिस | वसूली योग्य राशि | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बुढ़ार | ऋणी : मे. रूपाली सेल्स एण्ड सर्विस बुढार प्रो. कैलाश लक्षकार, पता : 24 / 1 वार्ड न. 12 बुढार रेस्ट हाउस के पास, लालपुर रोड बुढार, जिला-शहडोल (म.प्र.), जमानतदार : श्री फतेहचंद वर्मा पिता स्व. श्री मोहनलाल वर्मा, पता : वार्ड न. 12, होटल विलासा के पास, शहडोल रोड बुढार, जिला-शहडोल (म.प्र.), खाता : 152429010000003, 152465710000018 | मांग नोटिस 19.06.2025<br>कब्जा नोटिस 12.11.2025 | 7,40,934.72 + ब्याज एवं अन्य खर्च | संपति का विवरण : खसरा नं. 139/1/2 (ख) वार्ड न. 12 बुढार तहसील - बुढार, जिला-शहडोल (म.प्र.) कुल क्षेत्रफल 0.026 हे. (2850 वर्गफीट)। सीमाएं : पूर्व में 10 फीट चौडी रोड, पश्चिम में सिंघई जी का प्लाट, उत्तर में स्वयं का प्लाट, दक्षिण में - सिंघई जी का प्लाट, संपत्ति मालिक श्री फतेहचंद वर्मा पिता स्व. श्री मोहनलाल वर्मा |
| 2 | न्यू बरौंधा | ऋणी : श्रीमती शकुंतला साहू पति श्री बृजवासीलाल साहू पता : मकान नं - 85, वार्ड न. 12, सेमारी टोला ब्यौहारी, जिला-शहडोल (म. प्र. ) जमानतदार : श्रीमती राजकुमारी साहू पति श्री परमात्मा साहू, श्रीमती सियावती साहू पति श्री राधेलाल साहू, श्रीमती राधेलाल साहू कब्जा नोटिस पति श्री आत्माराम साहू पता : वार्ड न. 12, सेमारी टोला ब्यौहारी, जिला-शहडोल (म.प्र.) खाता : 152973410000027, 152930110000099 | मांग नोटिस 18.07.2025<br>कब्जा नोटिस 14.11.2025 | 5,08,933.98 + ब्याज एवं अन्य खर्च | संपति का विवरण : रिहायसी भवन, खसरा नं. 914/1, वार्ड न. 12, प.ह. - 31, सेमारी टोला ब्यौहारी, जिला- शहडोल (म.प्र.), कुल क्षेत्रफल 0.0202 हे. (2047. 67 वर्गफीट)। सीमाएं : पूर्व में वंशराखन पिता बाल्मीक साहू की आराजी, पश्चिम में कच्चा रास्ता, उत्तर में भूपति सिंह पिता गंगा सिंह की आराजी, दक्षिण में सी.सी. रोड, संपत्ति मालिक श्रीमती शकुंतला साहू पति श्री बृजवासीलाल साहू श्रीमती राजकुमारी साहू पति श्री परमात्मा साहू, श्रीमती सियावती साहू पति श्री राधेलाल साहू, श्रीमती राधेलाल साहू पति श्री आत्माराम साहू |

दिनांक- 17/11/2025, स्थान- शहडोल (म.प्र.)
प्राधिकृत अधिकारी, मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, शहडोल

**खबर संक्षेप**

## 21 नवंबर को रानी दुर्गावती सामुदायिक भवन में युवा संगम रोजगार मेला

**उमरिया।** जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि रानी दुर्गावती सामुदायिक भवन मे एक दिवसीय युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन 21 नवंबर को प्रातः 11 बजे से किया गया है ।
उन्होने बताया कि मेले मे राव्या फोर्स प्राइवेट लिमिटेड, वर्धमान मंडी दीप भोपाल, श्री राम फाइनेंस उमरिया, एसबीआई उमरिया, प्रथम एजुकेशन जबलपुर, एस आई एस अनूपपुर, एलआईसी उमरिया, टी एस पी एल ग्रुप, सागर मेन्यूफेक्चरिंग टेक्सटाइल कंपनी भोपाल, मोबाइल पे, सिंटेक्स, इंडस्ट्री लिमिटेड राजुला गुजरात की कंपनी भाग लेगी ।

## नेशनल लोक अदालत 13 दिसंबर को, विद्युत प्रकरणों में दी जाएगी छूट

**उमरिया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि नेशनल लोक अदालत 13 दिसंबर को आयोजित की गई है। नेशनल लोक अदालत में विद्युत प्रकरणों मे छूट प्रदान की जाएगी । आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर प्री-लिटिगेशन स्तर पर ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जायेगी।उन्होने बताया कि लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माह चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में उपरोक्तानुसार दी जा रही छूट सिविल दायित्व राशि रू0 10,00,000.00 (दस लाख रु0) तक प्रकरणों के लिये सीमति रहेगी। आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में समझौता करने के लिये ही लागू रहेगी।

## नायब तहसीलदार ने एसआईआर के कार्य का किया निरीक्षण

**सिलौंडी।** सिलौंडी क्षेत्र के हर गांव में नायब तहसीलदार नरेंद्र खरे जाकर बूथ लेवल अधिकारियों से निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का जायजा लिया। ग्रामीणों तथा मतदाताओं से चर्चा कर इस कार्य में बीएलओ के साथ सहयोग करने की बात कही। अच्छा कार्य करने वाले बीएलओ को सराहा जबकि लापरवाही बरतने वाले बीएलओ को फटकार लगाई। सिलौंडी नायाब तहसीलदार नरेंद्र खरे द्वारा विशेष गहन पुनर्निरीक्षण के कार्य में रोज कार्य की प्रगति की जानकारी ले रहे है और सभी बी एल ओ हिदायत देते हुए एसआईआर के कार्य में रुचि लेने कहा। कम प्रगति पर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। मतदान केद्र क्रमांक के बीएलओ का विवरण बीएलओ ऐप में डिजिटाइज करते मिले। मतदान केन्द्र क्रमांक 298 से भी गांव में औचक पहुंचकर गहन पुनरीक्षण कार्य में अब तक किये गये कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस मौके पर बीएलओ सुपरवाइजर आशीष हल्दकार, बबलू राय ,अनुराग भी मौजूद रहे। नायब तहसीलदार नरेंद्र खरे ने सभी बी एल ओ को एसआईआर के कार्य में जुटकर आपसी समन्वय से कार्य करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर बीएलओ के सहयोग के लिये पटवारी, सचिव और जीआरएस की भी मदद ले।

## तीन विधानसभा में आज निकलेगी पदयात्रा

**कटनी।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर खजुराहो लोकसभा की तीनों विधानसभाओं में आज 18 नवंबर को खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा की अगुवाई में sardar@150 यूनिटी मार्च का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर विधायकगण संजय सत्येंद्र पाठक, संदीप जायसवाल, प्रणय पांडेय, महापौर श्रीमती प्रीति सूरी, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक सहित सभी जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रहेगी।

# जनसुनवाई में सुनी गई 51 आवेदकों की समस्याएं

**उमरिया। प्रभारी कलेक्टर अभय सिंह ने साप्ताहिक जनसुनवाई में जिले के दूर दराज से आए लोगों की समस्याओं को सुना तथा आवेदनों के निराकरण के लिए संबंधित विभाग की ओर प्रेषित किया।**
जनसुनवाई में गजराज सिंह खलेसर ने खेत तक पहुंचने के लिए रास्ता दिलाने,अंबिका प्रसाद रैदास बरसबपुर ने पेयजल हेतु हैंडपंप लगवाने, श्याम किशोर तिवारी उमरिया ने 17 माह का वेतन दिलाने, अन्नपूर्णा तिवारी ने दो वर्ष का वेतन दिलाने, अशोक यादव ग्राम कासपानी ने छात्रावास दिलाने, सुनीता वंशकार पाली ने पुत्र की मृत्यु पश्चात आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने, सुशील चंद रैदास पार्षद वार्ड क्रमांक 3 ने मेढ को सुधार कर लगी रूधान को हटाते हुए आवागमन बहाल कराने, द्रोपती बाई नौरोजाबाद ने पिता की मृत्यु पश्चात संबल योजना का लाभ दिलाने, शारदा बाई बैगा आमगार ने लाडली बहना योजना का पैसा दिलाने संबंधी आवेदन पत्र प्रस्तुत किया । जनसुनवाई में प्रभारी एसडीएम एवं डिप्टी कलेक्टर कमलेश नीरज सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।



## नवांकुर संस्था जया सेवा समिति द्वारा जल संचय के तहत किया गया बोरी बंधान



**उमरिया।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के आदेशानुसार जल संचय अभियान के तहत ग्राम पंचायत चिल्हारी में बोरी बंधान का कार्य किया गया एवं नावँकुर संस्था जया सेवा समिति सेक्टर चिल्हारी अंर्तगत ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति की संभाग समन्वयक एवं जिला समन्वयक द्वारा बैठक ली गई।संभाग समन्वयक भीम सिंह द्वारा सीएमसीएलडीपी के छत्रों से सवांद किया गया,जिला समन्वयक रविन्द्र शुक्ला के द्वारा सभी प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष एवं सचिव से गांव के समग्र विकास के लिए कार्ययोजना बनाई गई । इस अवसर पर ब्लाक समन्वयक महेंद्र सिंह,जया सेवा समिति अध्यक्ष देव प्रकाश गौतम,ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति राजर्षि मिश्रा, परामर्शदाता अन्नपूर्णा सोनी , नवांकुर संस्था अध्यक्ष रामसजीवन जायसवाल,सचिव शुभदेश श्रीवास्तव,हर्ष सिंह, ओमप्रकाश तिवारी,नागेंद्र जासवाल,शिल्पा सोनी, नन्हे कुशवाहा, अमरतलाल जैसवाल, संदीप श्रीवास्तव, आकांक्षा सिंह,गोलू सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## स्वच्छता साथी वॉश ऑन व्हील योजना का ऑनलाइन प्रशिक्षण संपन्न

**उमरिया। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) जिला पंचायत उमरिया में स्वच्छता साथी वाश ऑन व्हील्स योजना के तहत स्वच्छता साथियों को ऑनलाइन प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू, संस्थागत और सामुदायिक शौचालयों की साफ-सफाई के लिए लागू किए गए नवाचार को प्रभावी ढंग से संचालित करने** हेतु आयोजित किया गया था।



प्रशिक्षण के दौरान, स्वच्छता साथियों को वेब मॉड्यूल और मोबाइल ऐप के उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण स्वच्छता को बढ़ावा देना और स्वच्छता सेवाओं को अधिक सुलभ बनाना है। इस अवसर पर मनीषा कांड्रा जिला समन्वयक ने योजना के महत्व पर प्रकाश डाला और स्वच्छता साथियों को उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह योजना ग्रामीण समुदायों के स्वच्छता एवं स्वास्थ्य में सुधार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रशिक्षण में उपस्थित स्वच्छता साथियों ने मॉड्यूल और ऐप के व्यावहारिक उपयोग के बारे में जानकारी प्राप्त की, जिससे उन्हें क्षेत्र में अपने कार्यों को अधिक कुशलता और प्रभावशीलता के साथ करने में मदद मिलेगी। इस पहल से उम्मीद है कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के स्तर में उल्लेखनीय सुधार होगा।

# पोस्ट आफिस बिजुरी में चोरी का 12 घंटे में खुलासा

### आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज बिजुरी।** 17 नवम्बर को फरियादी उपडाकपाल शिव कुमार सिंह टेकाम पिता शिवमंगल सिंह उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम धौरई पोस्ट. बकेली तहसील बिरसिंगपुर पाली जिला उमरिया (म.प्र.) हाल उपडाक पाल बिजुरी का इस आशय का रिपोर्ट किया कि दिनांक 16,17 नवम्बर के दरमियानी रात 2.30 बजे से 3.40 बजे के बीच अज्ञात व्यक्ति पोस्ट आफीस का ताला एवं तोड कर पोस्ट आफीस में फरियादी के पर्स में रखा तीन हजार रुपये चोरी कर ले गया रिपोर्ट पर अपराध क्र. 366/25 धारा 331(4), 305(ए), 305(ई) बीएनएस कायम कर विवेचना मे लिया गया। दौरान विवेचना संदिग्ध की पता तलाश की गई जो आरोपी शैलेन्द्र रघुवंशी पिता राम सिंह रघुवंशी उम्र 23 वर्ष निवासी मोहाडा दफाई बिजुरी के नाम की सुराग लगा जिसे पुलिस अभिरक्षा में लेकर हिकमत अमली से पूछताछ की गई जिसने जुर्म स्वीकार किया और घटना में प्रयुक्त लोहे का बसुला, चोरी किए गए *००० रुपये पर्स सहित बरामद कराए जिसे जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेएमएफसी न्यायालय कोतमा पेश किया गया। आरोपी ने खुलासा किया कि दिन के समय अपना एटीएम कार्ड का पता करने के लिए पोस्ट ऑफ़सि आया था तो कई लोगों को पोस्ट ऑफ़सि में पैसा जमा करते देखा था जिसके कारण उसने चोरी की नियत से पोस्ट ऑफिस में ताला तोड़ कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक विकास सिंह, सउनि बृजेश कुमार पाण्डेय, आर. रवि सिंह, अभिषेक शर्मा की उल्लेखनीय भूमिका रही।



# 2 ट्रैक्टर से जप्त हुई 10 हजार की रेत

**हरिभूमि न्यूज कोतमा। क्षेत्र की जीवनदायिनी नदियों एवं नालों से बदस्तूर हो रहे रेत चोरी एवं खनन की लगातार शिकायतों के बाद पुलिस के द्वारा 2 ट्रैक्टर रेत चोरी कर परिवहन करने पर कार्यवाही की गई है।** कार्यवाही को लेकर थाना प्रभारी रत्नाबर शुक्ल ने बताया कि मंगलवार की सुबह 7 बजे के लगभग से रेत भरे ट्रैक्टर को लहसुई रोड पर पकड़ते हुए चालक से टीपी एवं परिवहन संबंधी दस्तावेजों की मांग की गई जो मौके पर नहीं पाया गया।वाहन चालक मुकेश पांव चांगेरी एवं मलिक मोहम्मद आसिफ 50 वर्ष लहसुई गांव के खिलाफ रेत चोरी की धारा 303(2) 317 (5) एवं 4/21 खान एवं खनिज अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए मामला दर्ज किया गया। दूसरी कार्यवाही में निगवानी पंचखुरा घाट से रेत चोरी कर परिवहन करते चालक एवं स्वामी रितु प्रकाश दुबे 28 वर्ष पिता राम जी दुबे निवासी सारंगगढ़ के खिलाफ चोरी एवं खनिज अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। 2 ट्रैक्टर 10 लाख एवं 10 हजार की रेत जप्ती की गई। कार्यवाही के दौरान रामखेलावन यादव, भानुप्रताप नरवरिया एवं स्टाफ शामिल रहा। कार्यवाही से रेत माफिया में हड़कंप मचा हुआ है। विदित रहे कि क्षेत्र में इमली घाट, बमूर, पैरीचूहा, कटकोना, गोडारी घाट, बदरा एवं आसपास के घाटों से आधी रात को रेत चोरी की जाती है।



### इनका कहना है

उच्च अधिकारियों के निर्देशन पर रेत चोरी करते 2 ट्रैक्टरों पर कार्यवाही की गई है। अभियान लगातार जारी रहेगा।

**रत्नांबर शुक्ल**
**थाना प्रभारी कोतमा**

**कलेक्टर अदिति गर्ग एवं पूर्व डीजीपी ने किया छात्रों को पुरस्कृत**

# धरवारा हायर सेकेंडरी स्कूल के तीन मेधावी विद्यार्थी ओपी गर्ग पुरस्कार से हुए सम्मानित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद**

तहसील क्षेत्र के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल धरवारा मे प्रतिवर्ष मेधावी विद्यार्थियों को दिए जाने वाला ओ पी गर्ग पुरुस्कार कार्यक्रम सोमवार को आयोजित हुआ। धरवारा हायर सेकंडरी स्कूल में तीन अलग- अलग संकाय में प्रथम स्थान पर आने वाले छात्र-छात्रा को 10-10 हजार रुपये की राशि दी गईं। ओ पी गर्ग पुरुस्कार सन 2024-25 के तहत कक्षा 12 वी के प्रतिभावान विद्यार्थी वेदिका मिश्रा, प्रिंस नामदेव ओर रंजना मौर्य को 10-10 हजार रुपये की राशि नगद व प्रशस्ति पत्र देकर हौसला बढाया गया।



सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक ओपी गर्ग ने छात्रों से बात करते हुये प्रेरणादायक कहानियां बताते हुये जीवन में संघर्ष करने की सलाह दी। साथ ही गाँव से किस तरह अदिति गर्ग ने आईएएस तक का सफर पूरा किया वह अनुभव छात्रों से साझा किया ओर निरंतर असफलता से सीखने की सलाह दी गईं।धरवारा गाँव की बेटी जो वर्तमान मे मंदसौर कलेक्टर है अदिति गर्ग ने भी अपने अनुभव छात्रों से साझा किये।

उपसरपंच अमित गर्ग ने कहा कि वो सभी लोग बच्चों को अच्छे संस्कार ओर शिक्षा दे जिससे बच्चें आगे बढ़े ओर गाँव सहित राज्य ओर देश का नाम रोशन करें। थाना प्रभारी सुदेश सुमन ने साइबर क्राइम के बारे मै जानकारियां दी।

गौरतलब है कि ओ पी गर्ग इसी छोटे से गांव धरवारा मैं जन्मे थे जो अपनी पढ़ाई कर आगे मप्र के पुलिस महानिदेशक भी बने। सेवा निवृत्त पुलिस महानिदेशक ओपी गर्ग ने गाँव मे शिक्षा को प्रोत्साहित करने ओ पी गर्ग पुरुस्कार मेधावी विद्यार्थियों को देने का क्रम वर्ष 2018 से शुरू किया जो अनवरत जारी है। ओपी गर्ग के साथ उनकी पुत्री वर्तमान मंदसौर कलेक्टर अदिति गर्ग भी साथ में रही जिन्होने प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। पूर्व डीजीपी ओपी गर्ग व मंदसौर कलेक्टर अदिति गर्ग जैसे ही धरवारा पहुंची,उनकी अगवानी मंगल कलशो से की गईं।

इस दौरान गर्ग परिवार बाल मुकुंद गर्ग,जुगल किशोर गर्ग, कमलेश गर्ग,राघवेंद्र गर्ग,गणेश दत्त गर्ग,रामदास गर्ग ,हरिओम गर्ग, ब्रजेश गर्ग आलोक गर्ग,पंकज नामदेव,अनुराग दुबे,हर्ष नादेव, आशाराम यादव आदि मौजूद रहे।

## कलेक्टर ने ईव्हीएम स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष तिवारी द्वारा मासिक निरीक्षण के तहत सोमवार को कार्यालय कलेक्ट्रेट स्थित निर्वाचन सदन पहुंचकर ईवीएम वेयर हाउस, स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों एवं निर्वाचन शाखा के अधिकारी एवं कर्मचारियों की मौजूदगी रही। कलेक्टर श्री तिवारी ने निरीक्षण के दौरान निर्वाचन कार्यालय के कार्यों का जायजा लिया तथा संधारित रजिस्टर का अवलोकन करते हुए उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री तिवारी ने निरीक्षण के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से स्ट्रांग रूम के बाहर लगे सी.सी.टी.व्ही कैमरों की जांच कर व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ईवीएम मशीनों के सही रख-रखाव का भी अवलोकन किया। इस दौरान भाजपा के प्रतिनिधि सौरव अग्रवाल और दीपक तिवारी, कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष (शहर) अमित शुक्ला, अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्र, जिला कोषालय अधिकारी अरविंद सिंह ठाकुर मौजूद रहे।

# एसआईआर के दौरान मन में उठने वाले सवालों के समझिए आसान जवाब

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी**

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है। 4 नवंबर से बीएलओ मतदाताओं के घर घर जाकर गणना पत्रक का वितरण कर रहे हैं। एसआईआर को लेकर मतदाताओं के मन में कई सवालों को लेकर असमंजस की स्थिति भी है।

### सवाल और उनके जवाब

प्रश्न 1- क्या गणना अवधि में गणना पत्रक के साथ कोई दस्तावेज निर्वाचक से लेना है ?

उत्तर - गणना अवधि में बीएलओ द्वारा कोई दस्तावेज निर्वाचन से प्राप्त नहीं किया जाएगा।

प्रश्न 2 - यदि कोई निर्वाचक अपना फार्म किन्हीं कारणों से प्रस्तुत नहीं कर पाता है तो उसको निर्वाचक नामावली में नाम जोड़ने के लिए क्या विकल्प हैं?

उत्तर- ऐसे व्यक्ति प्रारूप 6 में घोषणा पत्र के साथ अपना आवेदन नाम जोड़ने के लिए प्रस्तुत कर सकते हैं।

प्रश्न 3 -अजिन निर्वाचकों का गणना फार्म प्राप्त नहीं होगा उनका नाम प्रारूप निर्वाचक नामावली में सम्मिलित होगा या नहीं तथा इसकी जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध होगी या नहीं?

उत्तर - जिन निर्वाचकों का गणना पत्रक प्राप्त नहीं होगा उन्हें एब्सेंट/ शिफ्टेड / डेड/ रिपीटेड के रूप में बीएलओ द्वारा पड़ोसी से जांच कर चिंहांकित कर सूचीबद्ध किया जाएगा तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश की वेबसाइट पर प्रारूप निर्वाचक नामावली प्रकाशन के समय ही प्रदर्शित किया जाएगा। बीएलओ यह सूची अनिवार्यतः बनाएंगे तथा बीएलओ एप पर भी इसकी प्रविष्टि करेंगे।

प्रश्न 4 -क्या घर-घर जाकर गणना के समय कोई भी नए इलेक्टर के रूप में अपना नाम जोड़ने के लिए आवेदन कर सकता है?

उत्तर - हां कर सकता है उसे प्रारूप 6 के साथ घोषणा फॉर्म भरना होगा।

प्रश्न 5- 1 अप्रैल 1 जुलाई तथा 1 अक्टूबर 2026 की अर्हता तिथि में अग्रिम आवेदन प्राप्त किया जा सकते हैं ?

उत्तर -हां

प्रश्न 6- गणना अवधि में बीएलओ के मुख्य कार्य क्या हैं?

उत्तर -गणना पत्रकों का वितरण -पूर्व एसआईआर से लिंकिंग का कार्य

गणना पत्रक पर पिछले एस आई आर मतदाता सूची से सत्यापन का कार्य। बीएलओ एप में गणना पत्रक से प्रविष्टि का कार्य। एब्सेंट/ शिफ्टेड / डेथ/ रिपीटेड अंकित करने का कार्य। समस्त भरे हुए गणना पत्रक एआरओ को सौंपने का कार्य।

प्रश्न 7- बीएलओ गणना प्रपत्र में कितनी प्रति में प्राप्त करेगा?

उत्तर- बीएलओ गणना प्रपत्र दो प्रतियों में निर्वाचक को प्रदान करेगा जिसकी एक प्रति प्राप्त करते हुए दूसरी प्रति पर निर्वाचक को पावती देगा अर्थात एक प्रति बीएलओ के पास तथा एक प्रति निर्वाचक के पास रहेगी।

प्रश्न 8 -यदि किसी निर्वाचक द्वारा ऑनलाइन गणना पत्रक प्रस्तुत किया है तो उसका वेरिफिकेशन कौन करेगा?

उत्तर -निर्वाचन द्वारा भरे गए ऑनलाइन गणना पत्रक सीधे बीएलओ ऐप में लिंकिंग सहित प्रदर्शित होते हैं अतः बीएलओ द्वारा घर-घर विजिट के दौरान उसका सत्यापन अंकित किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### संदिग्ध अवस्था में हुई युवक की मौत

**शहडोल।** कोतवाली थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 30 कट्टी मोहल्ला में 45 वर्षीय व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान बबलू सिंह के रूप में हुई है। परिजन और स्थानीय लोगों ने घटनास्थल पर पुलिस को बुलाया, जिसके बाद मामला और भी गंभीर होता दिखाई दे रहा है। प्रारंभिक जांच में बबलू सिंह की मौत को संदिग्ध बताया जा रहा है। परिवार के भीतर चल रहे विवाद के कारण हत्या की आशंका भी जताई जा रही है। वहीं दूसरी ओर कुछ परिस्थितियां आत्महत्या की ओर भी संकेत दे रही हैं। पुलिस आत्महत्या और हत्या दोनों एंगल से मामले की जांच कर रही है। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी पुलिस टीम मौके पर पहुंच गये, टीम ने घर का निरीक्षण किया और आस-पास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। मृतक के परिजनों से भी विस्तृत बयान लिये जा रहा है ताकि मौत के पीछे का सच सामने आ सके। शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### मेडिकल स्टोर में लगी आग, घंटों मशक्कत के नहीं बच सकी दुकान

**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के ग्राम खड्डा में उस वक्त हडकंप मच गया, जब गांव के प्रिंस मेडिकल स्टोर में अचानक आग भडक़ उठी। देखते ही देखते आग ने भीषण रूप ले लिया और कुछ ही मिनटों में पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं है, लेकिन प्रारंभिक तौर पर इसे अज्ञात कारणों से लगी आग माना जा रहा है। स्थानीय लोगों ने आग को फैलने से रोकने के लिए पूरी कोशिश की। गांव वालों ने पानी की बाल्टियों से लेकर पाइप तक हर संभव साधन जुटाते हुए आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग इतनी तेज थी कि घंटों की मशक्कत के बावजूद उस पर काबू नहीं पाया जा सका। आग की लपटें इतनी प्रचंड थीं कि मेडिकल स्टोर में रखा लगभग पूरा सामान जलकर राख में तब्दील हो गया। घटना की सूचना मिलते ही ब्यौहारी पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लेकर घटना की जांच शुरू कर दी है। आग के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए आगे की कार्रवाई की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि दमकल वाहन समय पर पहुंच जाता, तो शायद नुकसान कम हो सकता था। आग से हुए नुकसान का अनुमान लाखों रुपए से अधिक बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस और प्रशासन आग के कारणों की जांच में जुटा है।

### नायब तहसीलदार ने एसआईआर के कार्य का किया निरीक्षण

**सिलौंडी।** सिलौंडी क्षेत्र के हर गांव में नायब तहसीलदार नरेंद्र खरे जाकर बूथ लेवल अधिकारियों से निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का जायजा लिया। ग्रामीणों तथा मतदाताओं से चर्चा कर इस कार्य में बीएलओ के साथ सहयोग करने की बात कही। अच्छा कार्य करने वाले बीएलओ को सराहा जबकि लापरवाही बरतने वाले बीएलओ को फटकार लगाई। सिलौंडी नायाब तहसीलदार नरेंद्र खरे द्वारा विशेष गहन पुनर्निरीक्षण के कार्य में रोज कार्य की प्रगति की जानकारी ले रहे है और सभी बी एल ओ हिदायत देते हुए एसआईआर के कार्य में रुचि लेने कहा। कम प्रगति पर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। मतदान केद्र क्रमांक के बीएलओ का विवरण बीएलओ ऐप में डिजिटाइज करते मिले। मतदान केन्द्र क्रमांक 298 से भी गांव में औचक पहुंचकर गहन पुनरीक्षण कार्य में अब तक किये गये कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस मौके पर बीएलओ सुपरवाइजर आशीष हल्दकार, बबलू राय ,अनुराग भी मौजूद रहे। नायब तहसीलदार नरेंद्र खरे ने सभी बी एल ओ को एसआईआर के कार्य में जुटकर आपसी समन्वय से कार्य करने की हिदायत दी।

# शासकीय महाविद्यालय बिरसिंहपुर पाली में नशा मुक्ति अभियान के तहत विचार गोष्ठी का आयोजन




**बिरसिंहपुर पाली।**

शासकीय महाविद्यालय बिरसिंहपुर पाली में आज दिनांक 18 नवंबर 2025 को नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित भूगोल विभाग के डॉ जेपीएस चौहान ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा प्रारंभ में आनंद देता हुआ प्रतीत होता है, किंतु अंततः मनुष्य को शारीरिक, मानसिक, आर्थिक व सामाजिक रूप से पूरी तरह से नष्ट कर देता है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने और स्वस्थ, सशक्त जीवन को अपनाने की अपील की।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो हरलाल अहिरवार ने छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने और समाज में नशा मुक्ति का संदेश फैलाने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने युवाओं को खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों, अध्ययन-अध्यापन जैसी सकारात्मक गतिविधियों में अधिक समय देकर अपने करियर एवं व्यक्तित्व विकास की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ शाहिद ए सिद्दीकी ने छात्र छात्राओं को नशामुक्ति की शपथ दिलाई।इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ नरेश प्रसाद शुक्ला,डॉ मंसूर अली, डॉ अनुपमा द्विवेदी, डॉ रितु सेन, डॉ मनीषा अग्रवाल, डॉ त्रिभुवन गिरी, डॉ जयंती पयासी, डॉ शिवराज सिंह, श्री बालेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अंग्रेजी विभाग से डॉ मंसूर अली ने किया।

# कलेक्टर ने सुनी दूरदराज से आये फरियादियों की गुहार

**शहडोल।**




कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई में दूर-दराज के ग्रामीण अंचलों से आए सैकड़ों फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने हर आवेदन को ध्यान से सुना और संबंधित विभागों को तत्काल निराकरण के सख्त निर्देश दिए।

दुलादर के काशी प्रसाद यादव ने फसल बीमा राशि दिलाने, कंदोहा के देवब्रत सोनी ने पिता की मृत्यु के बाद अनुकंपा नियुक्ति, धनपुरी के आदित्य नारायण विश्वकर्मा ने खसरे में नाम डायवर्सन, खारी के उदित नारायण चतुर्वेदी ने बिजली पोल-कनेक्शन तथा हरकट प्रसाद नापित ने सेवा पुस्तिका में अर्जित अवकाश दर्ज करने की गुहार लगाई। कलेक्टर ने सभी आवेदनों को मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को सौंपते हुए समय-सीमा में समाधान करने के आदेश दिए। शेष आवेदनों पर भी त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति, अपर कलेक्टर सरोधन सिंह सहित सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। फरियादियों ने कलेक्टर के संवेदनशील रुख की जमकर प्रशंसा की और विश्वास जताया कि उनकी समस्याओं का जल्द निपटारा होगा।

# ठंड को दृष्टिगत रखते हुए छात्रावासों की सभी व्यवस्थाएं रहें दुरूस्त: कलेक्टर



### मेडिकल स्टारों का करे निरीक्षण, अनाधिकृत क्लीनिक संचालन पर करें कार्यवाही

**शहडोल।**

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने अधिकारियो की बैठक ली। बैठक में अधिकारियो को निर्देश दिए कि जिले में संचालित छात्रावासों को विभागीय अधिकारी औचक निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि छात्रावासों में निवारसत बच्चों को गुणवत्तायुक्त भोजन प्रदाय कराया जाए एवं ठंड के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए अलाव, पर्याप्त गर्म कपड़े जैसी अन्य व्यवस्थाओ को दुरूस्त रखना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान यह भी परखे की कोई भी खाद्य सामग्री एक्सपायरी डेट की न हो एवं रसोईया से चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दे। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा को निर्देश दिए कि छात्रावासों में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित कर आवश्यकतानुसार दवाईयां उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि मेडिकल स्टोरो का सतत निरीक्षण करे तथा दवाईया वितरित करने वालो की डिग्री का भी अवलोकन करें। उन्होंने कहा कि अनाधिकृत रूप से संचालित क्लीनिको पर कड़ी निगरानी रखते हुए आवश्यक कार्यवाही भी करें। कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के अधिकारियो को निर्देश दिए कि बोर्ड परीक्षाओ का परिणाम अच्छा हो इसके लिए बेहतर से बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें, विद्यालयो का औचक निरीक्षण करे, प्राचार्यों, शिक्षको की समय-समय पर बैठक आयोजित कर विद्यालयो की विभिन्न गतिविधियो की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश देना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने पोषण माह, गर्भवती माताओ की जांच सहित अन्य बिदुंओ पर विस्तृत चर्चा कर संबंधित अधिकारियो को दिशा- निर्देश दिए।

### अब पुलों पर लगेंगी चेक-पोस्ट, बिना नंबर प्लेट वाहनों की खैर नहीं

# अवैध रेत खनन पर कलेक्टर की सख्ती

**शहडोल।**

अवैध रेत खनन और परिवहन पर लगाम कसने के लिए कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जिला टास्कफोर्स की बैठक में पूरी ताकत झोंक दी। कलेक्टर ने खनिज, पुलिस, राजस्व और वन विभाग को एकजुट होकर संयुक्त कार्रवाई करने के सख्त निर्देश दिए। खास तौर पर देवलौंद पुल, बुड़वा पुल और सीधी मार्ग के पुलों पर तुरंत चेक-पोस्ट स्थापित करने का आदेश दिया गया। ब्यौहारी क्षेत्र के सोन घडिय़ाल अभयारण्य जैसे अति-संवेदनशील इलाकों बुढ़वा, सुखाड़, सतनी, जनकपुर, गोपालपुर, झिरिया में चौबीसों घंटे निगरानी रखने को कहा गया।



कलेक्टर ने आदेश दिया कि जिन वाहनों में नंबर प्लेट ही नहीं है, उन पर खनिज अधिनियम के तहत सबसे कड़ी कार्रवाई हो। पुलिस द्वारा पकड़े गए वाहनों को छोडऩे से पहले खनिज विभाग अर्थदंड वसूल करे और कोर्ट से सुपुर्दगी के लिए आग्रह करे। पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने पूरा सहयोग का भरोसा दिया और कहा हर जरूरी पुलिस बल मुहैया कराया जाएगा। सभी प्रकरणों की जानकारी खनिज विभाग को तुरंत दी जाएगी। जिला खनिज अधिकारी राहुल शांडिल्य ने बताया कि अप्रैल 2025 से 16 नवंबर तक अवैध उत्खनन के 12, परिवहन के 111 और भंडारण के 3, कुल 126 प्रकरण बनाए गए, जिनसे 35 लाख 87 हजार रुपये से अधिक का जुर्माना वसूला गया। बैठक में वन मंडलाधिकारी तरुणा वर्मा, जिला परिवहन अधिकारी अनपा खान और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कलेक्टर का साफ संदेश है कि शहडोल की नदियों को लुटने नहीं देंगे। अब जो अवैध रेत ढोएगा, उसकी गाड़ी भी जब्त होगी।

# उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान केन्द्र में एसआईआर कार्य का किया निरीक्षण

**उमरिया।**

उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजय श्रीवास्तव ने मतदान केन्द्र घंघरी भरौला मे एसआईआर कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने बीएलओ से अब तक एसआईआर के कार्य के प्रगति की जानकारी प्राप्त की, जो संतोषजनक पाई गई। श्री श्रीवास्तव व्दारा निर्वाचन से जुडे अधिकारियो को डिजिटाईजेशन के कार्य में गति देने हेतु कैंप मोड में फार्म भरने के निर्देश दिए गए। कार्य में रूचि न लेने वाले अथवा कम प्रगति वाले बीएलओ , बीएलओ सुपरवाईजर को चिन्हित कर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप कार्यवाही प्रस्तावित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बीएलओ से कहा कि वर्ष 2003 से 2025 तक जिन मतदाताओं के डाटा मिल चुके




है,उनका एप के माध्यम से डिजिटाईजेशन का कार्य करे। उन्होने सचिवो से कहा कि फील्ड में जाकर मतदाताओ का एसआईआर फार्म भराएं तथा भरे हुए फार्म को बीएलओ को दें ताकि कार्य में गति आ सके।इसके साथ ही अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान उन्होने बीएलओ व्दारा एप से किए जा रहे डिजिटाईजेशन का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के समय प्रभारी कलेक्टर अभय सिंह,उप जिला निर्वाचन अधिकारी रीता डेहरिया, प्रभारी एसडीएम कमलेश नीरज, तहसीलदार दिलीप सोनी , मास्टर ट्रेनर सुशील मिश्रा , निर्वाचन सुपरवाईजर हरिशंकर झारिया सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता के आयोजन हेतु सभी तैयारिया करें पूर्ण: कलेक्टर

### 19 दिसम्बर से 23 दिसम्बर तक 528 खिलाडी बनेंगे प्रतिभागी

**शहडोल।**



कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के सोन सभागार में शहडोल में 14 वर्षीय बालिका वर्ग 19 दिसम्बर से 23 दिसम्बर तक आयोजित होने वाली 69वीं राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु विभागीय अधिकारियो की बैठक ली। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करें। कलेक्टर ने कहा कि महात्मा गांधी स्टेडियम, गुड सेफर्ड कान्वेंट खेल मैदान, शासकीय कन्या महा विद्यालय एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण खेल मैदान में साफ-सफाई, रंगाई पुताई, वाहन पार्किंग, पुलिस व्यवस्था, लाइटिंग, जैसी अन्य सभी व्यवस्थाएं पूर्व में ही पूर्ण कर ली जाए।

उन्होंने कहा कि देशभर से आने वाले प्रतिभागी, कोच एवं प्रबंधको के आने जाने के लिए वाहनो की व्यवस्था, ठहरने की उचित व्यवस्था भी सुनिश्चित करें उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या न हो इसका ध्यान रखें। कलेक्टर ने कहा कि खेल मैदानो में डॉक्टरो, पैरामेडिकल स्टाफ की ड्यिूटी लगाए एवं एम्बुलेंस मौके पर ही उपलब्ध रहें।

बैठक में बताया गया कि शहडोल में 19 दिसम्बर से 23 दिसम्बर 2025 तक आयोजित होने वाली 69वीं राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भारत के सभी राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश से कुल 528 खिलाडी एवं 132 कोच शामिल होंगे।



# संभाग की खेल टीमें राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए रवाना

**शहडोल।**

मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 69वीं शालेय राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में शहडोल संभाग का प्रतिनिधित्व करने वाली टीमें आज रवाना हो गईं। 19 से 23 नवंबर 2025 तक सीतामऊ (मंदसौर) में 19 वर्ष आयु वर्ग (बालक-बालिका) बास्केटबॉल तथा कुक्षी (धार) में 14 वर्ष आयु वर्ग (बालक-बालिका) हैंडबॉल प्रतियोगिताएँ आयोजित होंगी। टीम को विदाई देते हुए संयुक्त संचालक लोक शिक्षण उमेश कुमार धुर्वे, सहायक संचालक खेल रईस अहमद, सुदर्शन मिश्रा, जिला खेल अधिकारी शहडोल राम रूद्र पटेल, उमरिया शेख सलीम, अनूपपुर खलील कुरेशी तथा कोच के.के. श्रीवास्तव व वीरेंद्र श्रीवास्तव ने खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएँ दीं। अधिकारियों ने कहा कि संभाग के खिलाड़ी पिछले वर्षों की तरह इस बार भी पदक जीतकर लौटेंगे और शहडोल संभाग का नाम रोशन करेंगे।

### अब चौंकाने वाला वीडियो ने खोली प्रशासन की पोल!

# अमलाई खदान हादसा: एक महीने बाद भी पानी में दफन

**शहडोल।**





जिले के अमलाई ओपनकास्ट खदान में 12 अक्टूबर को डूबे टीपर चालक अनिल कुशवाहा को बचाने की सारी उम्मीदें अब खत्म सी हो चुकी हैं, लेकिन एक नया वीडियो ने पूरे मामले को फिर से आग लगा दी है। यह वीडियो हादसे से ठीक पहले का है और इसमें साफ-साफ दिख रहा है कि एसईसीएल के वरिष्ठ अधिकारी बार-बार चेतावनी दे रहे थे, यह जगह खतरनाक है, यहाँ मिट्टी डालने का काम तुरंत रोक दो, लेकिन ठेका कंपनी आरकेटीसी के लोग नहीं माने। उन्होंने जबरन डोजर और टीपर चलाते रहे। कुछ ही मिनट बाद वही जगह धंस गई और दोनों मशीनें पानी में समा गईं। टीपर पर सवार अनिल कुशवाहा आज तक नहीं मिले।

वीडियो में एसईसीएल के अधिकारी हाथ जोडक़र रोकते दिख रहे हैं, लेकिन ठेकेदार के लोग जिद पर अड़े रहे। नतीजा यह हुआ कि एक जवान की जिंदगी दांव पर लग गई। एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और सेना ने दिन-रात खोजबीन की, लेकिन पानी और गहरी खाई ने सबको हरा दिया। आज एक महीने से ज्यादा बीत गया, न मशीनें निकलीं, न अनिल का शव। परिजन रोज खदान किनारे बैठकर रो रहे हैं, मगर कोई सुनने वाला नहीं।

हादसे के बाद एसईसीएल ने खानापूर्ति करते हुए अपने दो छोटे कर्मचारियों वरिष्ठ ओवरमैन नीलकमल रजक और खनन सरदार अयोध्या पटेल को निलंबित कर दिया, लेकिन असली दोषी ठेका कंपनी आरकेटीसी पर आज तक एक मामला तक दर्ज नहीं हुआ। न कोई नोटिस, न कोई जुर्माना, न कोई गिरफ्तारी। स्थानीय लोग गुस्से में हैं, जो चेतावनी के बाद भी जान लेकर काम करवाए, उस पर कार्रवाई क्यों नहीं? अब सवाल जिला प्रशासन से भी है, कलेक्टर, एसपी, खनिज विभाग सब मौन हैं। परिजनों का कहना है कि तीनों मिलकर मामले को दबा रहे हैं।

खबर संक्षेप



## कलेक्टर ने जनसुनवाई में 41 आवेदकों की सुनी समस्याएं

**अनूपपुर।** जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में संपन्न हुई। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने 41 आवेदनों पर जनसुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अर्चना कुमारी सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों ने भी आवेदकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में तहसील पुष्पराजगढ़ के ग्राम बेनीबारी निवासी जेशा नायक ने भूमि का बंटवारा कराए जाने, तहसील अनूपपुर के ग्राम दुलहरा निवासी राजकुमार पटेल ने भूमि का सीमांकन कराए जाने, तहसील जैतहरी के ग्राम महुदा निवासी मुरलीधर राठौर ने भूमि के नक्शा तरमीम की नकल दिलाए जाने, तहसील जैतहरी के ग्राम भेलमा निवासी देवसहाय राठौर ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाए जाने, तहसील कोतमा के ग्राम पथरौड़ी निवासी जयकरण साहू ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाए जाने तथा अन्य आवेदकों ने बीपीएल सूची में नाम जुड़वाने, समग्र आईडी में सुधार कराए जाने, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ दिलाए जाने आदि के संबंध में आवेदन दिए।

### अगरबत्ती से नही चला काम, अब सद्बुद्धि हवन से खोजेंगे समाधान

# निर्माणाधीन फ्लाई ओवर ब्रिज से नाराजगी





### अब सद्बुद्धि हवन कर जिम्मेदारों को जगाने का प्रयास

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। कई वर्षों से जिला मुख्यालय में चल रहे फ्लाईओवर ब्रिज निर्माण ने कई मिशाल कायम कर ली है। यह प्रदेश का शायद पहला ब्रिज होगा जो इतने लंबे समय तक निर्माणाधीन है जिसकी पूर्णता के लिए न जाने कितने आंदोलन, प्रदर्शन, ज्ञापन, आवेदन दिये जो चुके होंगे, लेकिन निर्माण पूरा होने का नाम नही ले रहा है। एक बार फिर यहां सद्बुद्धि हवन कार्यक्रम का आयोजन कर जिम्मेदारों का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया जायेगा, लेकिन जवाब वही मिलेगी कि जल्द काम पूर्ण हो जायेगा और.....।**

जिला मुख्यालय की सबसे बड़ी समस्या फ्लाईओवर ब्रिज निर्माण का कार्य लगातार लेट लतीफी का शिकार होता जा रहा है। फ्लाईओवर ब्रिज निर्माण कार्य मे तेजी लाने व गुणवत्तापूर्ण कार्य के लिए प्रभावित व्यापारी, क्षेत्रवासी व नगरवासियों ने 21 जुलाई 2024 को ओव्हर ब्रिज वाली जगह पर बंद पड़े फाटक को याद करते हुये अगरबत्ती लगाकर आंदोलन की राह का आगाज किया था जिसके बाद नगर मे जिला फ्लाई ओवर संघर्ष समिति का गठन करते हुये काम मे तेजी लाने 1 अगस्त 2024 से आंदोलन की चेतावनी जिला प्रशासन को दी गई, लेकिन इसके पहले जिला प्रशासन के आह्वान पर जिला प्रशासन व संघर्ष समिति के बीच 31 जुलाई 2024 को द्विपक्षीय वार्ता हुई। उक्त बैठक में तत्कालीन कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने रेलवे फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण की वस्तुस्थिति के संबंध में जानकारी दी थी। इस संबंध में रेलवे एवं सेतु निगम के अधिकारियों ने फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण कार्य के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए निर्माण कार्य की आगामी कार्ययोजना के संबंध में अवगत कराया था। कलेक्टर ने बैठक में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता के साथ सुरक्षा मानक का विशेष ध्यान रखने की बात कही थी। उन्होंने कहा था कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता के साथ सुरक्षा मानक का विशेष रूप से ध्यान रखा जाना आवश्यक है। उन्होंने बैठक में समिति के सदस्य स्थानीय नागरिकों द्वारा उठाए गए जनहित के मुद्दों के संबंध में अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण की तत्काल पहल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे, लेकिन उसी कछुआ चाल मे आज भी ब्रिज निर्माण हो रहा है जो बेहद चिंतनीय है।

### हवा-हवाई बैठक के निर्णय

31 जुलाई को रेलवे फ्लाई ओवर ब्रिज संघर्ष समिति के सदस्यों ने बैठक में रेलवे से संबंधित जनहित की समस्याओं की ओर रेलवे के अधिकारियों का ध्यानाकर्षण कराया था। स्थानीय नागरिकों ने जनहित से संबंधित मुद्दों को रखा था। बैठक में निर्णय लिया गया था कि कार्य की मॉनीटरिंग के लिए समय-समय पर समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। जिसमें स्थानीय नागरिकों की समिति के पांच सदस्य भी शामिल हो सकेंगे। इस मामले मे समिति के सदस्यों ने बताया कि समीक्षा बैठक कब हुई और क्या निर्णय लिये गये हमें कुछ भी नही मालूम यानि बैठक के लिये गये निर्णय सिर्फ कागजी कार्यवाही तक सीमित रहे, जबकि हकीकत इससे कोसों दूर है। यह सिर्फ बैठक की ही बात नही बल्कि मुख्य मुद्दा ब्रिज निर्माण मे तेजी का था जो आज भी सबके सामने है।

### दर्द आज भी बरकार

जहाँ एक ओर आवागमन अवरूद्ध होने से व्यापार प्रभावित हुआ है वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले किसान, सब्जी व्यापारियों के व्यवसाय पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। नागरिकों द्वारा बार-बार जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन, आवेदन, अनुरोध पत्र देन के बाद भी आज तक सकारात्मक पहल जिला प्रशासन द्वारा नहीं की जा रही है। उपरोक्त परिस्थितियों के मद्देनजर रेलवे, सेतु निगम एवं जिला प्रशासन को कुभकर्णी नींद से जगाने के लिए एक बार फिर सद्बुद्धि हवन यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है।

### 22 को भगवा पार्टी को सद्बुद्धि हवन

भारतीय गण वार्ता पार्टी (भगवा) के जिला अध्यक्ष पंडित कन्हैया लाल मिश्रा ने बताया कि अनूपपुर नगर के बहुप्रतीक्षित रेलवे ओवरब्रिज निर्माण में हो रही लगातार देरी को लेकर भगवा पार्टी ने शांतिपूर्ण, रचनात्मक और सनातन परंपराओं पर आधारित सद्बुद्धि हवन यज्ञ आयोजित करने का निर्णय लिया है।यह हवन आगामी शनिवार 22 नवंबर को सुबह 11 बजे से आयोजित होगा। कार्यक्रम को प्रतीकात्मक रूप से अधिक प्रभावी बनाने के लिए हवन स्थल ओवरब्रिज के नीचे ही निर्धारित किया गया है, ताकि प्रशासन और शासन का ध्यान सीधे तौर पर इस लंबे समय से लंबित निर्माण कार्य की ओर आकृष्ट हो सके। पं.कन्हैया लाल मिश्रा ने बताया कि सनातन परंपरा में जब किसी महत्वपूर्ण कार्य में बार-बार बाधाएँ आती हैं, तो मार्गदर्शन और कार्यसिद्धि के लिए यज्ञ किया जाता है। उन्होंने कहा कि जब प्रभु श्रीराम को लंका में सेतु निर्माण की आवश्यकता हुई थी, तब भगवान विश्वकर्मा के पुत्र नल-नील ने मात्र 5 दिनों में समुद्र पर पुल का निर्माण कर दिया था।इसके विपरीत, अनूपपुर में ओवरब्रिज निर्माण को प्रारंभ हुए नौ वर्ष हो चुके हैं,फिर भी कार्य पूरा न होने से शहर का विकास, व्यापार,यातायात और जनजीवन गंभीर रूप से प्रभावित है। इसी स्थिति को देखते हुए भगवा पार्टी ने निर्माण एजेंसी, रेलवे प्रशासन, मध्यप्रदेश शासन, सेतु निर्माण अधिकारियों-कर्मचारियों एवं ठेकेदारों को सद्बुद्धि प्राप्त हो और कार्य में तेजी आए,इस कल्याणकारी भावना से यज्ञ का आयोजन किया है।हवन के उपरांत प्रसाद वितरण भी किया जाएगा। पं.कन्हैया लाल मिश्रा ने अनूपपुर जिले के प्रबुद्धजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, युवाओं एवं मीडिया से आह्वान किया है कि वे इस शांतिपूर्ण एवं सकारात्मक आंदोलन में सहभागिता कर जिले की विकास यात्रा को गति देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँ। यह पहल न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से प्रेरणादायक है, बल्कि अनूपपुर की विकासाधारित समस्याओं के समाधान की दिशा में एक सामूहिक संकल्प का सशक्त संदेश भी देती है।

# वरिष्ठ पत्रकार के निधन से संभाग में शोक की लहर, हरिभूमि परिवार स्तब्ध

### 18 वर्षों तक हरिभूमि के समर्पित सिपाही रहे राकेश सोनी



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** हरिभूमि समाचार समूह से जुड़े वरिष्ठ पत्रकार राकेश सोनी (मुन्नू) के आकस्मिक निधन की खबर ने पूरे शहडोल संभाग के मीडिया जगत को गहरे शोक में डुबो दिया। सोमवार दोपहर जबलपुर मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। निधन की पुष्टि के बाद शहडोल, अनूपपुर, उमरिया और आसपास के जिलों में उनके परिचितों एवं पत्रकारों में शोक की लहर छा गई। लगभग दो दशकों से हरिभूमि परिवार का अभिन्न हिस्सा रहे राकेश सोनी बिजूरी क्षेत्र में अपनी निष्ठावान, ईमानदार और जमीनी पत्रकारिता के लिए विख्यात थे। उन्होंने ग्रामीण व आदिवासी अंचलों की समस्याओं को सबसे पहले उठाकर शासन-प्रशासन तक पहुंचाया। निर्भीक रिपोर्टिंग, जनसरोकारों के प्रति सजगता और मानवीय संवेदनाओं से भरी लेखनी उनकी पहचान थी।

**पत्रकारों और साथियों ने व्यक्त किया दुख**

हरिभूमि परिवार के अमरेंद्र सिंह, कैलाश लालवानी, रघुवंश प्रसाद मिश्रा, श्याम बिहारी श्रीवास्तव, अमित दुबे, शुभम तिवारी, अनिल तिवारी, शंभू यादव, चंदन श्रीवास, सतीश विश्वकर्मा, जयप्रकाश शर्मा, रामनारायण पांडेय, मोहन नामदेव, आशीष नामदेव, लक्ष्मण सोनी, राजकुमार सिंह, मनोज शुक्ला, आशीष द्विवेदी सहित वरिष्ठ पत्रकार अजय नामदेव, सूरज श्रीवास्तव, सलीम शहजादा, सौरभ पांडेय, रविंदर गिल, राहुल तिवारी तथा अन्य पत्रकारों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। अमरेंद्र सिंह ने कहा कि राकेश सोनी का जाना हरिभूमि परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। वे सिर्फ पत्रकार नहीं थे, बल्कि पत्रकारिता के उस मूल स्वरूप के प्रतीक थे जो समाज की आवाज बनकर काम करता है। मनोज शुक्ला ने कहा कि उन्होंने हमेशा गरीब और मजलूमों की बात को मुखरता से सामने रखा। उनका जाना पत्रकारिता जगत के महत्वपूर्ण अध्याय का अंत है। कैलाश लालवानी ने कहा कि राकेश सोनी जैसे सरल, नेकदिल और ईमानदार पत्रकार अब विरले मिलते हैं। उनका व्यक्तित्व हम सभी के लिए प्रेरणादायी था। हरिभूमि परिवार ने उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि राकेश सोनी की कमी कभी पूरी नहीं हो सकती। उनकी पत्रकारिता की विरासत आने वाली पीढ़ियों को सदैव मार्गदर्शन और प्रेरणा देती रहेगी।ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे और परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति दे।

### वेतन की देरी से आक्रोशित आशा वर्करों का हल्ला बोल



**अनूपपुर।** आशा एवं पर्यवेक्षकों का वेतन महीनों की देरी से मिलने और त्योहारों पर भी भुगतान न होने के विरोध में आशा-उषा-पर्यवेक्षक एकता यूनियन (सीटू) ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। रैली और धरना में शैल जायसवाल, ममता विश्वकर्मा, आशा बंजारा, सीमा मिश्रा, कविता, बिमला सिंह, प्रभा पटेल, सुमित्रा, विद्या, कामरेड दलबीर केवट, कामरेड रामू यादव (जिला अध्यक्ष), कामरेड इंद्रपती सिंह (महासचिव), राजेंद्र विश्वकर्मा और रमेश सिंह सहित दर्जनों आशा एवं पर्यवेक्षक बड़ी संख्या में शामिल हुए। यूनियन का आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग व छभ्ड वेतन बजट का दुरुपयोग कर रहे हैं, जिससे मैदानी कार्यकर्ताओं को आर्थिक नुकसान हो रहा है। प्रमुख मांगों में हर माह 5 तारीख तक नियमित वेतन, केंद्र की बढ़ी 1500 रु. की राशि का एरियर, सभी बकाया भुगतान, 1000 रु. वार्षिक वृद्धि लागू करने, आशा का वेतन 10,000 व पर्यवेक्षक का 20,000 तय करने और वेतन पर्ची अनिवार्य करने जैसी मांगें शामिल हैं प्रदर्शन के बाद प्रतिनिधिमंडल ने कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। यूनियन ने चेतावनी दी है कि मांगें पूरी न होने पर आंदोलन और तेज किया जाएगा।

## मंदिर के पुजारी के घर सनसनीखेज चोरी

### चाबी से अलमारी खोल ले गए जेवर



**अनूपपुर।** राम जानकी मंदिर के पुजारी विनोद कुमार तिवारी के घर बीती रात करीब 2 से 3 बजे के बीच एक संगठित और योजनाबद्ध तरीके से चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया जिस समय चोरी हुई, उसी समय बगल के कमरे में पुजारी दिनेश तिवारी (55) और उनकी पत्नी मीना तिवारी (46) सो रहे थे चोर पहले घर के बाहर लगा झटका तार काटकर, दीवार में सेंध लगाते हुए अंदर घुसे भीतर पहुंचकर उन्होंने बेहद सफाई से अलमारी की चाबी निकालकर अलमारी खोली और उसमें रखे सोने-चांदी के जेवर मंगलसूत्र, नथ, झुमके, पायल, बिछियाकृसहित लगभग 28,000 रुपये नकद पर हाथ साफ कर दिया। चोरी का तरीका इस बात की ओर इशारा करता है कि यह काम किसी ऐसे व्यक्ति ने किया है जिसे घर की संरचना, अलमारी का स्थान और परिवार की दिनचर्या की पूरी जानकारी थी। घटना के बाद घर की टूटी दीवार और खुली अलमारी देखकर पुजारी परिवार में चीख-पुकार मच गई अचानक हुए इस नुकसान से परिवार गहरे सदमे में है और आर्थिक स्थिति पर भी भारी असर पड़ा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी भालूमाड़ा विपुल शुक्ला पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे, घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास पूछताछ शुरू की पुलिस ने वारदात को गंभीर मानते हुए आरोपियों की तलाश तेज कर दी है।

# जिले में प्रधानमंत्री सड़कों का खस्ताहाल



### डामर सड़क के ऊपर चढ़ा दिया डामर

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** विभागीय हीला हवाली एवं देखरेख के अभाव में कई प्रधानमंत्री सड़क दम तोड़ते नजर आ रही है। ना तो इन सड़कों की हालत पर जिले के मंत्री दिलीप जायसवाल और ना ही अधिकारियों की नजर पड रही है। ऐसा ही एक प्रधानमंत्री सड़क जो जर्जर स्थिति मे है कोतमा के समीपी गांव रेउला से पकरिहा गांव तक लगभग पांच किलोमीटर सड़क का निर्माण लगभग 15 साल पहले प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत करवाया गया था जो वर्तमान में रेउला गांव के नवा टोला से केउटा बांध तक लगभग 1 किलोमीटर की सड़क काफी जर्जर हो गई है सीसी सड़क की गिट्टी उखड़ गई है जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। जिसके मरम्मत कर करवाए जाने को लेकर विभाग गंभीर नजर नहीं आ रहा है। जबकि शासन के द्वारा गांव गांव तक पक्की सड़क का निर्माण कार्य सोचकर करवाया गया है कि आम नागरिकों को सुलभ आवागमन मुहैया होगा लेकिन ठीक इसके विपरीत देखने को मिल रहा है जहां प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत करवाया गया सड़क निर्माण का की सुध लेने वाला कोई नजर नहीं आ रहा है।

### गांव के अंदर एक किमी सड़क जर्जर

ग्राम रेउला से पकरिहा गांव की दूरी लगभग 5 किलोमीटर है जिसमें गांव के अंदर लगभग 1 किलोमीटर सीसी सड़क जर्जर हो गई है और वही गांव से बाहर निकलते ही पकरिहा गांव तक डामरीकृत सड़क बनाई गई थी जो ठीक हालत में थी लेकिन विभाग के द्वारा शासन के राशि का दुरुपयोग करने के लिए डामर सड़क के ऊपर तीन महत्वपूर्ण बारिश के मौसम में डामर चढ़ा दिया गया लेकिन विभाग ईश्वर ध्यान नहीं दे रहा है। चार माह पूर्व बनाए गए डामरीकृत सड़क का हाल वर्तमान में बेहाल है डामर का लेप लगता ही बारिश के मौसम में सड़क पूरी तरह से उखड़ गई वर्तमान में सड़क की गिट्टी निकलकर बाहर आ गई है। जिसके कारण आम नागरिकों को आवा का मन करने में परेशानी का सामना करना पड़ता है।



### डर के साये मे राहगीर

रेउला गांव से पकरिहा गांव तक जाने वाली प्रधानमंत्री सड़क जर्जर हो गई है जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं जिसके कारण आवागमन करने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ता है यहां तक की दो पहिया वाहन चालकों को हर समय दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है सबसे ज्यादा परेशानी रात के समय होती है जब सड़क की गिट्टी एवं गड्ढे नजर नहीं आते हैं और लोग आए दिन दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। जबकि यह सड़क लगभग एक दर्जन से अधिक गांवों को जोड़ने वाली प्रधानमंत्री सड़क है। जनपद पंचायत अनुपपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत रेउला के सरपंच सुकुल सिंह ने बताया कि लगभग 15 साल पहले गांव के अंदर से पकरिहा गांव तक प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत सड़क का निर्माण कार्य किया गया था गांव के अंदर से लगभग 1 किलोमीटर सीसी सड़क बनाया गया था वह सड़क वर्तमान में अत्यंत की जर्जर हो गई है चलने लायक नहीं है आए दिन लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं सड़क के निर्माण कार्य को लेकर ग्राम पंचायत के द्वारा जनपद में प्रस्ताव तैयार कर दिया गया था लेकिन जून माह में मुख्य कार्यपालन अधिकारी के द्वारा सड़क का निरीक्षण किया गया और यह कहते हुए मना कर दिया गया कि सड़क अभी चलने लायक है जबकि वह सड़क आत्यंतिक जर्जर हालत में है और सड़क का निर्माण कार्य करवाया जाना आवश्यक है। ग्रामीण हेमंत सिंह जो नवाटोला मे निवास करता है का कहना है कि प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत बनाई गई सी सी सडक अत्यंत ही जर्जर हालत मे है उसके घर के सामने से ही सड़क का निर्माण किया गया था वर्तमान में सड़क नजर ही नहीं आ रही है जगह-जगह सड़क में गड्ढे हो गए हैं जिसके कारण आवागमन करने में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है सड़क का निर्माण कार्य कराया जाना अति आवश्यक है। ग्रामीण तीरथ सिंह का कहना है कि प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत गांव के बाहर से पकरिहा गांव तक डामर सड़क के ऊपर ठेकेदार के द्वारा डामर चढ़ा दिया गया और बारिश के दिनों में सड़क पूरी तरह से उखड़ गई वर्तमान में सड़क में गिट्टी ही गिट्टी नजर आ रही है सड़क चलने लायक नहीं है आए दिन दो पहिया वाहन चालक दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं साथ ही गांव के अंदर ही सी सडक पूरी तरह से उखड़ गई है सड़क वर्तमान मे गड्ढों मे तब्दील हो गई है जबकि यह मुख्य सड़क है लेकिन विभाग के द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# युवाओं के कंधों पर सौंपी गई भारत के भविष्य की जिम्मेदारी



### भाजयुमो की जिला बैठक अमरकंटक में संपन्न

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा अनूपपुर की जिला बैठक रविवार को पवित्र नगरी अमरकंटक स्थित नर्मदा तट के पंचधारा में संपन्न हुई। इस बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह, श्याम श्याम नारायण शुक्ला भाजपा जिला महामंत्री मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष रविंद्र राठौर ने की। बैठक में युवा मोर्चा के जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री तथा अन्य कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक के साथ-साथ कार्यकर्ताओं ने पंचधारा के प्राकृतिक सौंदर्य के बीच पिकनिक का भी आनंद लिया, जिससे कार्यक्रम में उत्साह और आपसी समरसता का वातावरण बना रहा।

### संगठनात्मक समीक्षा और संवाद

बैठक में भाजपा द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों और कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। युवा मोर्चा को सौंपी गई जिम्मेदारियों और अभियानों के क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने प्रत्येक पदाधिकारी की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती तभी संभव है जब प्रत्येक कार्यकर्ता अपने कार्य को जिम्मेदारी और निष्ठा से पूरा करे। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने कहा कि भारतीय जनता युवा मोर्चा पार्टी की रीढ़ है। युवाओं के कंधों पर भारत के भविष्य की जिम्मेदारी है, इसलिए उन्हें रचनात्मक और राष्ट्रहितकारी कार्यों में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा मोर्चा को सशक्त बनाने से ही पार्टी की जड़ें और अधिक मजबूत होंगी तथा संगठन अपने लक्ष्यों की प्राप्ति कर सकेगा। युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष रविंद्र राठौर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने दायित्वों के प्रति सजग रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं का उत्साह और ऊर्जा संगठन की सबसे बड़ी पूंजी है। अमरकंटक जैसे धर्मस्थल में आयोजित यह बैठक संगठनात्मक ऊर्जा के साथ साथ आत्मिक शक्ति भी प्रदान करने वाली सिद्ध होगी। बैठक के अंत में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा निर्धारित की गई तथा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने हेतु कार्ययोजना तैयार की गई। उपरोक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह द्वारा दी गई।